# एमएसएफ ने स्वास्थ्यसेवाओं की उपलब्धता में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालने के लिए चण्ड़ीगढ़ में लॉन्च किया 'विदाउट बॉर्डर्स'

**चण्डीगढ़, 28 अप्रैल, 2017:** अन्तरराष्ट्रीय चिकित्सा मानवतावादी संगठन डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स/मेडिसिन्स सैन्स फ्रन्टियर्स (MSF) चण्डीगढ़ के अलायन्स फ्रांसेज़ में 6 दिवसीय कार्यक्रम (28 अप्रैल–3 मई) 'विदाउट बॉर्डर्स' का आयोजन करने जा रहा है।

एमएसएफ भारत सहित दुनिया भर के 65 देशों में काम करता है तथा युद्ध, महामारी, प्राकृतिक एवं कृत्रिम आपदाओं से पीड़ित लोगों को चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराता है। कार्यक्रम का आधार मूल रूप में जीवन रक्षण पर आधारित होगा, जिसमें फोटो प्रदर्शनी, फिल्म स्क्रीनिंग और पैनल चर्चाएं शामिल होंगी।

''विदाउट बॉर्डर्स' में उन लोगों की चुनौतियों पर प्रकाश डाला जाएगा जो चिकित्सा सेवाओं से वंचित हैं। हमारे कर्मचारी और स्टाफ ज़रूरतमंद मरीज़ों तक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। हम सीमाओं के दायरे पर ध्यान दिए बिना पीड़ितों को चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना चाहते हैं।'' एमएसएफ इण्डिया के जनरल डायरेक्टर पीटल पॉल डे ग्रूट ने कहा।

29 अप्रैल से 3 मई के बीच आयोजित फोटो प्रदर्शनी में पुरस्कार विजेता फोटोग्राफरों के काम को प्रदर्शित किया जाएगा। इन तस्वीरों के माध्यम से भारत के विभिन्न शहरों में स्वास्थ्यसेवाओं में आने वाली बाधाओं और एमएसएफ की परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें बताया जाएगा कि कैसे हमारी टीमें मरीज़ों की जाति, धर्म, लिंग या राजनैतिक भेदभाव के दायरे से बाहर इन ज़रूरतमंद मरीज़ों तक स्वास्थ्यसेवाएं पहुंचाती हैं।

29 एवं 30 अप्रैल को फिल्म स्क्रीनिंग आयोजित की जाएगी। *एक्सेस टू डेंजर ज़ोन* के माध्मय से युद्ध के दौरान मानवतावादी कामों में आने वाली चुनौतियों को दर्शाया जाएगा, वहीं *फायर इन द ब्लड* के माध्यम से दर्शाया जाएगा जाएगा कि कैसे पश्चिमी फार्मा निगम अपने मुनाफे पर ध्यान केन्द्रित करते हुए लाखों मरीज़ों के जीवन के साथ खेल रहे हैं। इन स्क्रीनिंग्स के बाद विषय विशेषज्ञों के द्वारा पैनल चर्चाओं का आयोजन भी किया जाएगा।

**For more details, contact:**
Kritika Kamthan
Medical Press Officer
MSF India
7042727630
Kritika.kamthan@new-delhi.msf.org

**About MSF India:**

MSF is an international, independent, medical humanitarian organisation that delivers emergency aid to people affected by armed conflict, epidemics, natural disasters and exclusion from healthcare in more than 65 countries. MSF offers assistance to people based on need and irrespective of race, religion, gender or political affiliation. MSF has been working in India since 1999, and currently runs projects in Andhra Pradesh, Bihar, Chhattisgarh, Delhi, Jammu & Kashmir, Jharkhand, Maharashtra, Manipur, Telangana, Uttar Pradesh and West Bengal. MSF was awarded the Indira Gandhi Prize for Peace, Disarmament and Development in 1996 and the Nobel Peace Prize in 1999.